# भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

(अनुसूची–ए मिनी रत्न – श्रेणी–1 सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम)
पूर्वी क्षेत्र, नें.सु.च.ब.अ. हवाई अड्डा, कोलकाता–52

## विज्ञा. सं. ईआर/01/2024

## भा.वि.प्रा. पूर्वी क्षेत्र में कनिष्ठ सहायक (अग्निशमन सेवा) की भर्ती

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा पूर्वी क्षेत्र के राज्यों/यूटी में विभिन्न भा.वि.प्रा. हवाई अड्डों और अन्य भा.वि.प्रा. प्रतिष्ठानों में कनिष्ठ सहायक (अग्निशमन सेवा) एनई–4 स्तर के पद हेतु **पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह तथा सिक्किम** के निवासी योग्य उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदकों को भा.वि.प्रा. हवाई अड्डों/भा.वि.प्रा. के अधीन प्रतिष्ठानों पर उपरोक्त पद के लिए केवल भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की वेबसाइट अर्थात् **[https://www.aai.aero/en/careers/recruitment]** के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

**(ऑनलाइन के अलावा अन्य माध्यम से किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा)**

**कनिष्ठ सहायक (दमकल सेवा) के पद के लिए रिक्तियां एवं आरक्षण**

| पद कोड | नाम व पद का स्तर | पदो की संख्या* | रिक्तियों की संख्या एवं आरक्षण | | | | | वेतनमान (आईडीए) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अना. | अजा. | अ.ज.जा | अ.पि.व. (एनसीएल) | ईडब्ल्यूएस | |
| 01 | कनिष्ठ सहायक (अग्निशमन सेवा) एनई–4 | 89 | 45 | 10 | 12 | 14 | 08 | ₹ 31,000 - 3% - ₹ 92,000/- |

*ड्यूटी में मारे गए भूतपूर्व सैनिक के आश्रित के लिए 01 पद सहित 13 पद भूतपूर्व सैनिकों के लिए क्षैतिज रूप से आरक्षित हैं।

* इसके अलावा भूतपूर्व अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण लागू है।

भूतपूर्व सैनिक आरक्षण – ईएसएम के लिए आरक्षित रिक्ति किसी भी श्रेणी से भरी जाएगी और फिर संबंधित श्रेणियों यथा अना./अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./ईडब्ल्यूएस, जैसा भी मामला हो, संबंधित पदों की कुल रिक्तियों के अंदर चयनित उम्मीदवारो की श्रेणी के आधार पर क्षैतिज रूप से समायोजित की जाएगी।

नौकरी की विशिष्ट प्रकृति होने के कारण कनिष्ठ सहायक (अग्निशमन सेवा) के पद के लिए दिव्यांगजन पात्र नहीं हैं।

**प्रयुक्त संकेताक्षर – अना.– अनारक्षित, अ.पि.व. (एनसीएल) – अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर), अ.जा.– अनुसूचित जाति, अ.ज.जा.–अनुसूचित जनजाति, ईएसएम–भूतपूर्व सैनिक, ईडब्ल्यूएस–आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग।**

**नोटः** रिक्तियों की संख्या अनुमानित है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण भविष्य की आवश्यकताओं के आधार पर रिक्तियों की संख्या को बढ़ाने या घटाने का अधिकार रखता है। भा.वि.प्रा. आवश्यक्तानुसार बिना किसी सूचना दिये या बिना किसी कारण बताएं भर्ती प्रक्रिया को संशोधित/परिवर्तित/प्रतिबंधित/विस्तार/निरस्त करने का भी अधिकार रखता है।

## महत्वपूर्ण तिथियां

### प्रक्रिया समय–सूची

| | |
|---|---|
| ऑन–लाइन पंजीकरण प्रारंभ तिथि | 30.12.2024 |
| ऑन–लाइन पंजीकरण का चरण–I एवं II पूर्ण करने की अंतिम तिथि | 28.01.2025 |
| ऑन–लाइन परीक्षा की अनुमानित तिथि | भा.वि.प्रा. वेबसाइट पर अधिसूचित किया जाएगा |

**(ऑनलाइन के अलावा अन्य माध्यम से किया गया आवेदन एवं शुल्क स्वीकार नहीं किया जाएगा)**

**1. परिलब्धियां**

मूल वेतन के अलावा, महंगाई भत्ता, अनुलाभ, एचआरए एवं अन्य लाभ जैसे सीपीएफ, ग्रेच्युटी, सामाजिक सुरक्षा योजना, चिकित्सा लाभ आदि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के नियमों एवं विनियमों के अनुसार लागू होंगे।

**2. आयु सीमा**

उम्मीदवार की आयु 01.11.2024 को 18 से 30 वर्ष तक होनी चाहिए और ऊपरी आयु सीमा में निम्नानुसार छूट होगी:

i. 01.11.2024 को अ.पि.व. (नॉन–क्रीमी लेयर) के लिए 3 वर्ष ।
ii. 01.11.2024 को अ.जा./अ.ज.जा. के लिए 5 वर्ष ।
iii. आयु, योग्यता, अनुभव आदि की गणना 01.11.2024 के अनुसार की जाएगी।
iv. भूतपूर्व सैनिकों के लिए सेवा काल में 03 वर्ष बढाया जाएगा। ईएसएम (भूतपूर्व सैनिक, आयु छूट समय–समय पर जारी भारत सरकार आदेश द्वारा निर्धारित अनुसार लागू है)। (ईएसएम उम्मीदवार जिस श्रेणी–अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./अना./ईडब्ल्यूएस) से संबंधित हैं, उसे दर्शाएं)
v. वह उम्मीदवार जो भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में नियमित सेवा में हैं, उनके लिए ऊपरी आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट है (अ.जा./अ.ज.जा. उम्मीदवारों के लिए 05 वर्ष एवं अ.पि.व. उम्मीदवारों के लिए 03 वर्ष की अतिरिक्त छूट)।
vi. विधवाओं, तलाकशुदा महिलाओं और न्यायिक रूप से अपने पति से अलग हो चुकी महिलाओं और जिन्होंने पुनर्विवाह नहीं किया है, के लिए अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष (अ.जा./अ.ज.जा. सदस्य के लिए 40 वर्ष तक) तक है जो निम्नलिखित प्रस्तुत करने के अधीन है:
   क) विधवाओं के मामले में पति का मृत्यु प्रमाण पत्र और शपथपत्र कि उम्मीदवार ने पुनर्विवाह नहीं किया है।
   ख) कानूनी रूप से तलाकशुदा महिलाओं के मामले में तलाक या न्यायिक अलगाव की जानकारी देने वाले न्यायालय के आदेश की प्रमाणित प्रति और हलफनामा कि उम्मीदवार ने पुनर्विवाह नहीं किया है।
vii. भूतपूर्व अग्निवीर: क) भूतपूर्व अग्निवीरों के लिए निर्धारित ऊपरी आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट स्वीकार्य है। ख) अग्निपथ योजना के केवल पहले बैच के उम्मीदवारों के लिए निर्धारित ऊपरी आयु सीमा से तीन (03) वर्ष के बजाय पांच (05) वर्ष की छूट स्वीकार्य है।

**नोटः** भूतपूर्व सैनिकों के लिए समय–समय पर जारी भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार आरक्षण का पालन किया जाएगा।

मैट्रिकुलेशन/माध्यमिक परीक्षा प्रमाणपत्रों में दर्ज जन्म तिथि ही स्वीकार की जाएगी। जन्म तिथि में परिवर्तन हेतु अनुवर्ती अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

**3. योग्यता**

| | |
|---|---|
| **शैक्षणिक योग्यता** | क) 10वीं पास + मैकेनिकल/ऑटोमोबाइल/दमकल में 3 वर्षीय अनुमोदित नियमित डिप्लोमा;<br>(या)<br>ख) 12वीं पास (नियमित अध्ययन) |
| **ड्राइविंग लाइसेंस** | क) वैध भारी वाहन ड्राइविंग लाइसेंस;<br>या<br>ख) विज्ञापन की तिथि अर्थात **01.11.2024** से न्यूनतम **एक वर्ष** पूर्व जारी वैध मीडियम वाहन लाइसेंस<br>या<br>ग) विज्ञापन की तिथि अर्थात **01.11.2024** से न्यूनतम **दो वर्ष** पूर्व जारी वैध लाइट मोटर वाहन (एलएमवी) लाइसेंस।<br>उपरोक्त (ख) एवं (ग) के मामले में, आवेदक को अपनी परिवीक्षा अवधि पूरा होने से पूर्व नियुक्ति के एक वर्ष के भीतर भारी वाहन ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करना होगा।<br>यदि वह परिवीक्षा अवधि में भारी वाहन ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने में असफल रहता है तो भारी वाहन ड्राइविंग लाईसस प्राप्त करने के उद्देश्य से उसकी परिवीक्षा अवधि एक और वर्ष बढ़ाई जाएगी और तब तक उसकी नियुक्ति स्थाई नहीं की जाएगी और उसका इंक्रीमेंट भी रोक दिया जाएगा। इसके अलावा, दो वर्षो के बाद अवधि का आगे विस्तार नहीं किया जाएगा तथा उसकी सेवाएं निलंबित कर दी जाएंगी।<br>अस्थाई/लर्निंग लाइसेंस स्वीकार नही किया जाएगा। |

| शारीरिक फिटनैस | | |
|---|---|---|
| | शारीरिक गठन : अच्छा (पुरूष एवं महिला दोनों) | |
| आंखों की दृष्टि (पुरूष एवं महिला दोनों) | **दूर दृष्टिः** बिना चश्मों के दोनों आंख का 6/6<br>**निकट दृष्टिः** बिना चश्मों के दोनों आंख एन–5<br>(व्यक्तिगत तौर पर प्रत्येक आंख की दृष्टि जांच)<br>रतौंधीः अनुपस्थित<br>दृष्टि की स्थितिः प्रत्येक आंख में कंन्फ्रंटेशन टेस्ट द्वारा निर्धारित दृष्टि का पूरा क्षेत्र होना चाहिए।<br>रिफ्रेक्टिव त्रुटिः कोई रिफ्रेक्टिव त्रुटि स्वीकार नहीं है<br>कार्यात्मक आवश्यकता के अनुसार रंग दोष और/या रतौंधी निरस्तीकरण हेतु मानदंड होगा। | |
| सुनने की क्षमता | साधारण | |
| बोलने की क्षमता | साधारण | |
| | पुरूष | महिला |
| लम्बाई | 167 सेमी. से कम नहीं## | 157 सेमी. से कम नहीं## |
| छाती | बिना फुलावः 81 सेमी.##<br>छाती फुलाव न्यूनतम 5 सेमी.<br>(पीएमटी के दौरान अधिकतम तीन मौके दिये जाएंगे और सबसे अधिक फुलाव पर विचार किया जाएगा) | लागू नहीं |
| वजन | **55 किग्रा. से कम नहीं** | **45 किग्रा. से कम नहीं** |
| ## | प्रामाणिक प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर पहाड़ी क्षेत्र के उम्मीदवारों को लम्बाई में (पुरूष एवं महिला उम्मीदवार दोनों के लिए) और छाती मापन (केवल पुरूष उम्मीदवारों के लिए) 3 सेमी. की छूट और वजन में आनुपातिक छूट दी जाएगी। तथापि, न्यूनतम छाती फुलाव 5 सेमी (केवल पुरूष उम्मीदवार) होना चाहिए। अन्य किसी भी श्रेणी को कोई भी छूट नहीं दी जाएगी। | |

शेष भाग अगले पृष्ठ पर

Size: 25x38 cms

| | |
|---|---|
| अयोग्यता | शारीरिक विकृति, पुराने रोग, वर्णांधता, रतौंधी, ऑंख में भेंगापन, चपटे पैर, मुड़े हुए पैर, सावधान होने की स्थिति में घुटने चिपके हुए होने (knocking knee) तथा रिफ्रैक्टिव त्रुटि को अयोग्यता माना जाएगा |

**4. चयन प्रक्रिया एवं पाठ्यक्रम**

**चरण 1:**

लिखित परीक्षा (कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी)) – अवधिः दो (2) घंटे

अना./ईडब्ल्यूएस/अ.पि.व. उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम उत्तीर्ण अंक 100 में से 50 अंक और अ.जा./अ.ज.जा. उम्मीदवारों के लिए 100 में से 40 अंक होंगे।

**पाठ्यक्रम**

भाग ए– निर्धारित पद के लिए शैक्षिक योग्यता से संबंधित विषय पर 50 प्रतिशत प्रश्न।

भाग बी– सामान्य ज्ञान, सामान्य बुद्धिमत्ता, सामान्य अभिक्षमता, अंग्रेजी आदि पर 50 प्रतिशत प्रश्न।

**चरण 2:**

ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) उत्तीर्ण करने पर शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के प्रमाण पत्र/दस्तावेजो के सत्यापन के बाद मेडिकल परीक्षा (शारीरिक माप जॉच) किया जाएगा। मेडिकल जांच में उत्तीर्ण उम्मीदवारों को मूल वैध हल्के मोटर वाहन/मध्यम मोटर वाहन/भारी मोटर वाहन लाइसेंस रखने की शर्त पर ड्राइविंग टेस्ट (हल्के मोटर वाहन में) के लिए अनुमति दी जाएगी। ड्राइविंग टेस्ट पास करने पर ही उम्मीदवार को फिजिकल एंड्योरेंस टेस्ट (पीईटी) के लिए अनुमति दी जाएगी।

पूर्व–अग्निवीरों को केवल फिजिकल एंड्योरेंस टेस्ट से छूट दी जाएगी। हालाँकि, उन्हें अन्य सभी प्रासंगिक आयामों से उपयुक्त होना चाहिए जिसमें आयु, शैक्षिक योग्यता, लिखित परीक्षा, चिकित्सा परीक्षण/परीक्षा, शारीरिक माप मानक (ऊंचाई, वजन, चिकित्सा मानक आदि), ड्राइविंग आवश्यकताएं, 16 सप्ताह की बुनियादी ट्रेनिंग अन्य उम्मीदवारों के समान प्रशिक्षण, जैसा कि पद पर लागू हो शामिल हैं लेकिन यहीं तक सीमित नहीं हैं।

फिजिकल एंड्योरेंस टेस्ट (पीईटी) में शामिल हैं:

I) 100 मीटर दौड़
ii) कैजुल्टी कैरिंग टेस्ट – 50 मीटर तक रेत की बोरियां उठाना और ले जाना
iii) पोल पर चढ़ना
iv) रस्सी पर चढ़ना
v) सीढ़ी चढ़ना और उतरना

प्रत्येक परीक्षण अधिकतम 20 अंक का होगा

**फिजिकल एंड्योरेंस टेस्ट के लिए अंकों का मानदंड – पुरुष उम्मीदवार**

| मद → / अंक ↓ | 100 मीटर दौड (सेकंड में) | 50 मीटर तक 50 किग्रा. रेत की बोरियां उठाना और ले जाना (सेकंड में) | पोल पर चढ़ना (कुल समय 30 सेकंड) (8 मीटर) | रस्सी पर चढ़ना (कुल समय 20 सेकंड) (8 मीटर) | सीढ़ी चढ़ना और उतरना (सेकंड में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 20 | 12 sec | 20 sec | पूरी ऊंचाई | पूरी ऊंचाई | 35 sec |
| 18 | 13 sec | --- | --- | --- | 45 sec |
| 16 | 14 sec | 30 sec | 3/4 ऊंचाई | 3/4 ऊंचाई | 60 sec |
| 14 | 15 sec | --- | --- | --- | 75 sec |
| 12 | 16 sec | 40 sec | 2/3 ऊंचाई | 2/3 ऊंचाई | 90 sec |
| 10 | --- | --- | 1/2 ऊंचाई | 1/2 ऊंचाई | --- |
| 8 | --- | --- | 1/3 ऊंचाई | 1/3 ऊंचाई | --- |

निम्नलिखित परिदृश्य में शून्य (0) अंक दिये जायेंगे

(i) 100 मीटर दौड़ में 16 सेकंड से अधिक होने पर।

(ii) 50 किलोग्राम रेत की बोरी को 50 मीटर तक ले जाने में 40 सेकंड से अधिक समय लगने पर।

(iii) 30 सेकंड में पोल 1/3 ऊंचाई से कम चढ़ना।

(iv) 20 सेकंड में 1/3 ऊंचाई से कम रस्सी पर चढ़ना।

(v) पूरी सीढ़ी चढ़ने और उतरने में 90 सेकंड से अधिक होने पर।

**नोट 1:**

- **100 मीटर की दौड़ 16 सेकंड में पूरी करनी होती है, अन्यथा शून्य अंक प्रदान किये जायेंगे.**
- **रस्सी और पोल की कुल ऊंचाई 2 मीटर जोड़ने के बाद होगी। पुरुष के लिए उदाहरण 2+6=8 मीटर**
- **सीढ़ी को जमीनी स्तर से 6 मीटर की ऊंचाई पर खड़ा किया जाना चाहिए।**
- **रस्सी पर चढ़ना {किसी भी पैटर्न में अपने हाथों और पैरों का उपयोग करके}**
- **उम्मीदवार को किसी भी परिस्थिति में दूसरे प्रयास की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

**फिजिकल एंड्योरेंस टेस्ट के लिए अंकों का मानदंड – महिला उम्मीदवार**

| मद → / अंक | 100 मीटर दौड (सेकंड में) | 50 मीटर तक 30 किग्रा. रेत की बोरियां उठाना और ले जाना (सेकंड में) | पोल पर चढ़ना (कुल समय 30 सेकंड) (6 मीटर) | रस्सी पर चढ़ना (कुल समय 20 सेकंड) (6 मीटर) | सीढ़ी चढ़ना और उतरना (सेकंड में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 20 | 15 sec | 25 sec | पूरी ऊंचाई | पूरी ऊंचाई | 40 sec |
| 18 | 16 sec | --- | --- | --- | 50 sec |
| 16 | 17 sec | 35 sec | 3/4 ऊंचाई | 3/4 ऊंचाई | 65 sec |
| 14 | 18 sec | --- | --- | --- | 80 sec |
| 12 | 19 sec | 45 sec | 2/3 ऊंचाई | 2/3 ऊंचाई | 100 sec |
| 10 | --- | --- | 1/2 ऊंचाई | 1/2 ऊंचाई | --- |
| 8 | --- | --- | 1/3 ऊंचाई | 1/3 ऊंचाई | --- |

निम्नलिखित परिदृश्य में शून्य (0) अंक दिये जायेंगे

(i) 100 मीटर दौड़ में 19 सेकंड से अधिक होने पर।

(ii) 30 किलोग्राम रेत की बोरी को 50 मीटर तक ले जाने में 45 सेकंड से अधिक समय लगने पर।

(iii) 30 सेकंड में पोल 1/3 ऊंचाई से कम चढ़ना।

(iv) 20 सेकंड में 1/3 ऊंचाई से कम रस्सी पर चढ़ना।

(v) पूरी सीढ़ी चढ़ने और उतरने में 100 सेकंड से अधिक होने पर।

**नोट 2:**

- **100 मीटर की दौड़ 19 सेकंड में पूरी करनी होती है, अन्यथा शून्य अंक प्रदान किये जायेंगे.**
- **रस्सी और पोल की कुल ऊंचाई 2 मीटर जोड़ने के बाद होगी। महिलाओं के लिए उदाहरण 2+4=6 मीटर**
- **सीढ़ी को जमीनी स्तर से 6 मीटर की ऊंचाई पर खड़ा किया जाना चाहिए।**
- **रस्सी पर चढ़ना {किसी भी पैटर्न में अपने हाथों और पैरों का उपयोग करके}**
- **उम्मीदवार को किसी भी परिस्थिति में दूसरे प्रयास की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

**नोट 3: पुरुष और महिला उम्मीदवार दोनों के लिए फिजिकल एंड्योरेंस टेस्ट के लिए न्यूनतम योग्यता अंक 100 में से 60 होंगे।**

फिजिकल **एंड्योरेंस** टेस्ट उत्तीर्ण प्रकृति का होगा और उत्तीर्ण होने के लिए उम्मीदवार को पांच (05) निर्धारित फिजिकल एंड्योरेंस टेस्ट में न्यूनतम कुल 60 अंक प्राप्त करने होंगे। कनिष्ठ सहायक (अग्निशमन सेवा) के पद के लिए चयन के संबंध में अंतिम मेरिट सूची केवल लिखित परीक्षा अंकों (कंप्यूटर आधारित टेस्ट–सीबीटी) के आधार पर बनाई जाएगी।

पीईटी के संबंध में कोई आनुपातिक अंक की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि कोई पुरुष उम्मीदवार रेत के बैग के साथ 50 मीटर की दौड़ 35 सेकंड में पूरी करता है तो उसे केवल 12 अंक मिलेंगे।

चरण 1 और 2 के पूरा होने पर योग्यता क्रम के अनुसार और अधिसूचित रिक्तियों के अनुसार चयनित उम्मीदवारों को 18 सप्ताह की अवधि के लिए बेसिक ट्रेनिंग कोर्स (बीटीसी) के लिए नामांकित किया जाएगा जिसमें 02 सप्ताह का प्रशिक्षण विशेष रूप से रखरखाव पर प्रशिक्षण और फायर ट्रेनिंग कॉलेज एफटीसी (नई दिल्ली) या फायर स्टाफ ट्रेनिंग कॉलेज एफएसटीसी (कोलकाता) में हेवी ड्यूटी वाहन ड्राइविंग के लिए होना चाहिए। चयन प्रक्रिया के दौरान होने वाली किसी भी चोट के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण जिम्मेदार नहीं होगा।

जो उम्मीदवार ऊपर उल्लिखित किसी भी चरण में पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है उसे चयन प्रक्रिया के अगले चरण के लिए विचार नहीं किया जाएगा और उसे आगे की चयन प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

नियुक्ति आदेश केवल उन्हीं उम्मीदवारों को जारी किया जाएगा जो बेसिक ट्रेनिंग कोर्स (बीटीसी) सफलतापूर्वक पूरा करेंगे। प्रशिक्षण अवधि के दौरान, उम्मीदवार ₹ 25,000/– प्रति माह स्टाईपेंड के हकदार होंगे और उक्त प्रशिक्षण से पहले भा.वि.प्रा. के साथ बांड निष्पादित किया जाएगा।

भा.वि.प्रा. से त्यागपत्र के मामले में बांड वसूली राशि नीचे दी गई है:

शेष भाग अगले पृष्ठ पर

| भा.वि.प्रा. में शामिल होने की तिथि से प्रारंभिक प्रशिक्षण पूरा होने तक त्यागपत्र | | **प्रारंभिक प्रशिक्षण पूरा होने के बाद त्यागपत्र** | |
|---|---|---|---|
| 01 माह तक | NIL | 1 वर्ष तक | ₹ 3,00,000/- |
| 01 माह से 02 माह तक | ₹ 50,000/- | | |
| 02 माह से 03 माह तक | ₹ 75,000/- | 01 वर्ष से 02 वर्ष तक | ₹ 2,00,000/- |
| प्रशिक्षण पूरा होने तक 03 महीने से अधिक | ₹ 1,00,000/- | 02 वर्ष से 03 वर्ष तक | ₹ 1,00,000/- |
| | | 03 वर्ष से अधिक | NIL |

कर्मचारी भा.वि.प्रा. में शामिल होने की तिथि से बांड दायित्व के तहत होगा, इस तथ्य की परवाह किए बिना कि वह जॉब प्रशिक्षण के लिए किसी प्रशिक्षण केंद्र या स्टेशन/हवाई अड्डे या प्रशिक्षण के लिए भा.वि.प्रा. प्रबंधन द्वारा निर्धारित किसी अन्य स्थान पर शामिल होता है । हालाँकि, भा.वि.प्रा. में शामिल होने की तिथि से एक माह की सेवा समाप्त होने के बाद बांड लागू किया जाएगा।

**5. .आवेदन शुल्कः**

अनारक्षित, अ.पि.व., ईडब्ल्यूएस श्रेणी उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क ₹ 1000/– (केवल एक हजार रुपये) (जीएसटी सहित) का भुगतान करना होगा।

**1.** महिला/अ.जा./अ.ज.जा./भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों और अप्रेंटिस, जिन्होंने अप्रेंटिस अधिनियम 1961 के अनुसार भा.वि.प्रा. में अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण का एक वर्ष सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है उन्हें आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है।

**2.** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण केवल ऑनलाइन नेट बैंकिंग/क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/यूपीआई के माध्यम से शुल्क स्वीकार करेगा। किसी अन्य माध्यम से जमा किया गया शुल्क स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**3.** एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा।

**4.** अपेक्षित शुल्क जमा करने के लिए उम्मीदवारों को भा.वि.प्रा. वेबसाइट अर्थात! **www.aai.aero** के "करियर" शीर्षक के तहत कैरियर पेज में दिए गए ऑनलाइन आवेदन लिंक पर जाना होगा।

**6. ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए दिशानिर्देश।**

**नोटः**

1. उम्मीदवारों को उनके हित के आधार पर सलाह दी जाती है कि वे तुरंत आवेदन करें और आवेदन जमा करें तथा ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि/समय तक प्रतीक्षा न करें। यदि उम्मीदवार अंतिम समय में अधिक व्यस्तता के कारण अपने आवेदन जमा नहीं कर पाते हैं तो भा.वि.प्रा. पूर्वी क्षेत्र इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
2. कृपया भविष्य के संदर्भ के लिए आवेदन पत्र और भुगतान पावती पर्ची का प्रिंट आउट अपने पास रखें।
3. कृपया आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी या कोई भी दस्तावेज भा.वि.प्रा., पूर्वी क्षेत्र कार्यालय को न भेजें।

| महत्वपूर्ण तिथियां | |
|---|---|
| **ऑन–लाइन पंजीकरण प्रारंभ तिथि** | **30.12.2024** |
| **डेबिट/क्रेडिट कार्ड/यूपीआई/नेट बैंकिंग आदि के माध्यम से शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि (PayU के माध्यम से आवेदन शुल्क का भुगतान)** | **28.01.2025** |

**7. ऑन–लाइन आवेदन जमा करने के लिए निर्देश**

| सामान्य निर्देश | |
|---|---|
| 1. | आगे की प्रक्रिया से पहले निर्देशों को ध्यान से पढ़ें |
| 2. | ऑनलाइन माध्यम से आवेदन भरने से पहले उम्मीदवार को निम्नलिखित विवरण/दस्तावेज तैयार रखने चाहिए:<br>क) वैध ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर– उचित पत्राचार के लिए व्यक्तिगत ई–मेल आईडी और मोबाइल नंबर प्रदान करने का सुझाव दिया जाता है।<br>ख) नवीनतम पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटोग्राफ की स्कैन की गई कॉपी (3 महीने से अधिक पुरानी नहीं)<br>उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इस भर्ती प्रक्रिया के दौरान एक ही फोटो का उपयोग किया जाए।<br>ग) स्कैन किए गए हस्ताक्षर। |
| 3. | ऑनलाइन आवेदन पत्र में उम्मीदवार द्वारा एक बार श्रेणी भरने के बाद उसे बदला नहीं जाएगा। |

| आवेदन कैसे करें | |
|---|---|
| I. | उम्मीदवारों के पास एक वैध व्यक्तिगत ई–मेल आईडी और मोबाइल नंबर होना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि यह पूरी भर्ती प्रक्रिया के दौरान इसे सक्रिय रहे। आवेदन अनुक्रम संख्या, यूजर आईडी, पासवर्ड और अन्य सभी महत्वपूर्ण पत्राचार केवल पंजीकृत ई–मेल आईडी पर भेजे जाएंगे (कृपया सुनिश्चित करें कि इस मेल बॉक्स पर भेजा गया ईमेल आपके जंक/स्पैम फ़ोल्डर में रीडायरेक्ट नहीं किया गया है) और मोबाइल नंबर। |
| II. | उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन भरते समय सही विवरण प्रस्तुत करने/प्रदान करने में अत्यधिक सावधानी बरतनी चाहिए। आप आवेदन जमा करने से पहले जानकारी को सुधार सकते हैं। **एक बार फॉर्म जमा हो जाने के बाद इसे सुधारा नहीं किया जा सकता है।** |
| III. | एक बार जमा किए गए आवेदन को सुधारा/वापस नहीं लिया जा सकता है और एक बार भुगतान किया गया शुल्क न तो वापस किया जाएगा और न ही समायोजित किया जाएगा। |
| IV. | आवेदन जमा करने की प्रक्रिया नीचे दी गई है: |

| चरण–1 साइन–अप | |
|---|---|
| a. | उम्मीदवार को सभी वांछित जानकारी अर्थात् आवेदित पद, **उम्मीदवार का नाम, ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर** आदि सही भरना चाहिए। |
| b. | **आवेदित पद, श्रेणी, उम्मीदवार का नाम, मोबाइल नंबर और ई–मेल आईडी** भरकर साइन–अप करें। सबमिट बटन/टैब पर क्लिक करने के बाद उम्मीदवारों को साइनिंग के दौरान उनके पंजीकृत ई–मेल आईडी पर आवेदन **अनुक्रम संख्या (यूजर आईडी) और पासवर्ड** प्राप्त होगा। अब, उम्मीदवार को "लॉग आउट" टैब (ऊपरी दाएं कोने पर दिया गया) पर क्लिक करना होगा और चरण–2 के लिए रि–लॉग करना होगा। चरण–1 के पूरा होने पर उम्मीदवार के पंजीकृत ईमेल आईडी/मोबाइल नंबर पर यूजर आईडी (आवेदन अनुक्रम संख्या) और पासवर्ड के साथ साइन–अप मेल प्राप्त होगा। |

| चरण–2 आवेदन पत्र भरना | |
|---|---|
| a. | साइन–अप करने के बाद उम्मीदवार को रि–लॉगिन करना होगा और शीर्ष दाएं कोने पर "एप्लिकेशन फॉर्म पर जाएं" शीर्षक पर क्लिक करना होगा तथा अपनी श्रेणी और अन्य अनिवार्य विवरण का चयन करना होगा तथा व्यक्तिगत विवरण, योग्यता विवरण भरने होंगे तथा फोटो/हस्ताक्षर अपलोड करना होगा और शुल्क (जहां लागू हो) PayU के माध्यम से डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग/यूपीआई आदि के माध्यम से ऑनलाइन मोड द्वारा जमा करना होगा। |
| b. | **फोटोग्राफ और हस्ताक्षर की स्कैनिंग के संबंध में निर्देशः** उम्मीदवारों को नीचे दी गई प्रक्रिया के अनुसार अपने फोटोग्राफ और हस्ताक्षर तथा अन्य प्रासंगिक दस्तावेजों की स्कैन की गई (डिजिटल) इमेज जेपीजी/जेपीईजी/पीडीएफ प्रारूप में अपलोड करनी चाहिए:<br>**i. फोटोग्राफ इमेजः**<br>. कृपया सफेद बैकग्राउंड वाला एक हाल का पासपोर्ट आकार फोटोग्राफ अपलोड करें।<br>. इमेज का आकार न्यूनतम 50 केबी और अधिकतम 100 केबी होना चाहिए।<br>. इमेज .जेपीजी या .जेपीईजी प्रारूप में होनी चाहिए।<br>. स्कैनर डीपीआई 200 डीपीआई होनी चाहिए।<br>. आयाम 3.5 सेमी x 4.5 सेमी होना चाहिए।<br>**ii. हस्ताक्षर इमेज**<br>ă आवेदक को सफेद कागज पर काली स्याही वाले पेन से हस्ताक्षर करना होगा।<br>ă हस्ताक्षर पर केवल आवेदक का ही हस्ताक्षर होना चाहिए और किसी अन्य व्यक्ति का हस्ताक्षर नहीं होना चाहिए।<br>ă कृपया केवल हस्ताक्षर क्षेत्र को स्कैन करें और पूरे पेज को स्कैन न करें।<br>ă कृपया अपना हाल का हस्ताक्षर अपलोड करें: न्यूनतम 50 केबी अधिकतम 100 केबी (केवल जेपीईजी और जेपीजी प्रारूप)।<br>**iii. अन्य संगत सहायक दस्तावेजः**<br>कृपया आवश्यकता के अनुसार ऑनलाइन पोर्टल पर संगत प्रमाणपत्र (स्व–सत्यापित) स्कैन करें और अपलोड करें (फाइलों का आकार अधिकतम 1 एमबी होना चाहिए (केवल पीडीएफ, जेपीईजी और जेपीजी प्रारूप) |

शेष भाग अगले पृष्ठ पर

Size: 25x38 cms

| | |
|---|---|
| | • जन्म तिथि प्रमाण के रूप में एसएसएलसी/मैट्रिकुलेशन प्रमाणपत्र<br>• आवेदित पद के संबंध में अंकपत्र, यदि कोई हो, सहित शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र<br>• कम्यूनिटी प्रमाणपत्र (स्थानीय अधिकृत सरकारी प्राधिकारियों द्वारा जारी कम्प्यूटरीकृत प्रारूप)<br>• अधिवास/निवास/जन्म प्रमाणपत्र (स्थानीय सरकारी प्राधिकारियों द्वारा जारी कम्प्यूटरीकृत प्रारूप)<br>• ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में एक सक्षम प्राधिकारी (तहसीलदार के पद से नीचे नहीं) द्वारा जारी आय और संपत्ति प्रमाण पत्र।<br>• कनिष्ठ सहायक (दमकल सेवा) के लिए ड्राइविंग लाइसेंस (वैध भारी वाहन ड्राइविंग लाइसेंस; या वैध मध्यम वाहन ड्राइविंग लाइसेंस विज्ञापन की तिथि अर्थात् **01/11/2024** से कम से कम एक वर्ष पहले जारी किया गया हो; या वैध लाइट मोटर वाहन ड्राइविंग लाइसेंस विज्ञापन की तिथि अर्थात् **01.11.2024** से कम से कम दो वर्ष पहले जारी किया गया हो) ।<br>• भूतपूर्व सैनिकों के मामले में, सक्षम प्राधिकारी से निर्धारित प्रोफार्मा में डिस्चार्ज सर्टिफिकेट की स्कैन की हुई प्रति।<br>• एनओसी (सरकारी/पीएसयू आदि में कार्यरत उम्मीदवारों के लिए लागू अनापत्ति प्रमाण पत्र)।<br>• भा.वि.प्रा. कर्मचारियों के लिए भा.वि.प्रा. पहचान पत्र (भा.वि.प्रा. कर्मचारियों के लिए लागू)<br>• पूर्व–अग्निवीर के मामले में सशस्त्र बलों द्वारा जारी प्रमाण पत्र ।<br>**दर्ज किए गए विवरण देखने के लिए पूर्वावलोकन बटन पर क्लिक करें।**<br>**कृपया आवेदन जमा करने से पहले सुनिश्चित करें कि आवेदन के सभी पहलू और फोटो/हस्ताक्षर/अन्य प्रासंगिक दस्तावेज सही हैं।**<br>**कृपया ध्यान दे कि सबमिट बटन पर क्लिक करने के बाद आप अपने आवेदन को संपदित/संशोधित नही कर सकते।** |
| **e.** | एक बार आवेदन जमा हो जाने के बाद उम्मीदवारों को डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग आदि के माध्यम से शुल्क जमा करने के लिए स्वचालित रूप से PayU गेटवे पर रिडायरेक्ट कर दिया जाएगा। |
| **f.** | शुल्क भुगतान करने के लिए दिशानिर्देश निम्नानुसार हैं (यदि लागू हो):<br>• जमा करने के बाद, उम्मीदवार को आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने के लिए PayU गेटवे पर रि–डायरेक्ट किया जाएगा।<br>• कृपया विवरण सत्यापित करें और विभिन्न भुगतान मोड के माध्यम से आवेदन शुल्क का भुगतान करें।<br>• आवेदन शुल्क के सफल भुगतान के बाद उम्मीदवार को उसके आवेदन पत्र पर रि–डायरेक्ट किया जाएगा। |
| **g.** | ऑनलाइन आवेदन भरने से संबंधित तकनीकी प्रश्नों/स्पष्टीकरणों के लिए कृपया एप्लिकेशन पोर्टल या हेल्पडेस्क नं. +917353927979 में एकीकृत हेल्पडेस्क टैब के माध्यम से तत्काल संपर्क करें। |

**8. सामान्य निर्देश**

1. उपरोक्त पदों के लिए केवल **पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह तथा सिक्किम राज्यों** के निवासी उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं।
2. पद हेतु आवेदन करने से पहले, उम्मीदवार यह सुनिश्चित करें कि वह विज्ञापन में वर्णित पात्रता और अन्य मानदंडों को पूरा करता है। आवेदन पत्र जमा करने से पूर्व वह आवेदन पत्र में दर्ज की गई सभी जानकारी की दोबारा जांच कर लें क्योंकि बाद में इसमें किसी भी तरह का परिवर्तन संभव नहीं होगा।
3. गलत जानकारी/झूठी जानकारी देने पर अयोग्यता करार दी जाएगी और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ऐसी गलत/झूठी जानकारी देने के किसी भी परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
4. आयु, शैक्षिक योग्यता के संबंध में पात्रता **01.11.2024** के अनुसार निर्धारित की जाएगी।
5. परिणाम की घोषणा/अंक पत्र जारी करने की तिथि को योग्यता प्राप्त करने की तिथि माना जाएगा और इस संबंध में कोई छूट नहीं होगी।
6. जहां भी सीजीपीए/ओजीपीए प्रदान किया जाता है, उम्मीदवार को दस्तावेज़ सत्यापन के समय बोर्ड/विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा अपनाए गए मानदंडों के अनुसार अंकों के बराबर प्रतिशत बताने वाले दस्तावेज़ को प्रस्तुत करना होगा।
7. उपर्युक्त पद पर नियुक्ति पात्रता मानदंडों को पूरा करने और कनिष्ठ सहायक (दमकल सेवा) के लिए बुनियादी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के सभी मॉड्यूल को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने के अधीन है।
8. सरकारी विभागों/सार्वजनिक उपक्रमों/स्वायत्त निकायों में नियोजित उम्मीदवारों को दस्तावेजों की जांच के समय अपने नियोक्ता से **अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी)** प्रस्तुत करना होगा। यदि उम्मीदवार एनओसी प्रस्तुत करने में विफल रहता है तो उसकी उम्मीदवारी पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। अन्य दावे/अस्वीकरण जैसे कि चयन की स्थिति में त्यागपत्र देने का वचन, लागू एनओसी/त्यागपत्र की पावती प्रति, अनुभव प्रमाण पत्र आदि को एनओसी के विकल्प के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा।
9. अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. से संबंध रखने वाले उम्मीदवारों को दस्तावेजों के सत्यापन के समय सक्षम प्राधिकरण से जारी अपना **मूल जाति प्रमाणपत्र** और उसकी एक सत्यापित प्रति प्रस्तुत करनी होगी। यदि उम्मीदवार ऐसा करने में विफल रहता है तो उसकी उम्मीदवारी निरस्त करते हुए उसे आगे चयन प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाएगा।
10. **ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्रः** ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए आरक्षित रिक्तियों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को ध्यान देना चाहिए कि उन्हें सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निर्धारित प्रारूप में वित्त वर्ष 2023–24 के लिए वैध ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र (आय और संपत्ति प्रमाण पत्र) जमा करना होगा ताकि यह साबित हो सके कि वे दस्तावेज़ सत्यापन के समय ईडब्ल्यूएस श्रेणी से संबंधित हैं।
11. आरक्षण का लाभ उठाने वाले अ.पि.व. उम्मीदवारों को वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान भारत सरकार द्वारा जारी निर्धारित प्रारूप में **"नॉनक्रीमी लेयर स्टेटस" (नवीनतम)** के साथ वैध मूल अ.पि.व. प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा और साथ ही इसकी स्व–सत्यापित प्रति भी संलग्न करनी होगी। दस्तावेजों के सत्यापन के समय ऐसा न करने पर उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और आगे की चयन प्रक्रिया के लिए उन पर विचार नहीं किया जाएगा। उम्मीदवार को अपनी नियुक्ति से पहले एक वचन पत्र भी प्रस्तुत करना होगा कि वह अ.पि.व. की क्रीमी लेयर से संबंधित नहीं है। शैक्षिक उद्देश्यों के लिए प्रवेश के लिए अ.पि.व. (एनसीएल) प्रमाणपत्र पर विचार नहीं किया जाएगा।
12. उम्मीदवारों को कंप्यूटर आधारित/ऑनलाइन परीक्षा और अन्य चयन प्रक्रिया के लिए अपने खर्च पर उपस्थित होना होगा
13. शिक्षा एवं अन्य योग्यताएं कानून के अनुसार सरकार या मान्यताप्राप्त संस्थानों/विश्वविद्यालयों से होनी चाहिए।
14. **भूतपूर्व सैनिकों** के मामले में उम्मीदवार को डिस्चार्ज सर्टिफिकेट की स्कैन की हुई कॉपी अपलोड करनी चाहिए।
15. **पूर्व–अग्निवीरों** के मामले में, जिस उम्मीदवार ने सशस्त्र बलों के साथ सफलतापूर्वक चार साल पूरे कर लिए हैं उन्हें सशस्त्र बलों द्वारा जारी पूर्व–अग्निवीर प्रमाणपत्र की स्कैन की हुई प्रति अपलोड करनी चाहिए।
16. कंप्यूटर आधारित परीक्षा के लिए केंद्र अनुमानित पूर्वी राज्यों **(कोलकाता/भुवनेश्वर/पटना/रायपुर/रांची/पोर्ट ब्लेयर/गंगटोक)** में आयोजित किए जाएंगे। यदि चयनित शहरों में परीक्षा केंद्रों की संख्या उपलब्ध नहीं है तो नजदीकी नगरों/शहरों को भी परीक्षा के लिए लिया जा सकता है।
17. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अ.जा./अ.ज.जा. (एनसीएल)/ईडब्ल्यूएस/अनुभव प्रमाण पत्र हिंदी या अंग्रेजी में होना चाहिए। जाति के नाम में किसी भी प्रकार का परिवर्तन स्वीकार नहीं किया जायेगा।
18. हिंदी या अंग्रेजी के अलावा अन्य दस्तावेज, राजपत्रित अधिकारी या नोटरी पब्लिक द्वारा विधिवत सत्यापित उसकी प्रतिलिपि प्रस्तुत की जानी है।
19. **कंप्यूटर आधारित/ऑन–लाइन परीक्षा में उपस्थित होने के लिए कोई टीए/डीए का भुगतान नहीं किया जाएगा।**
20. केवल न्यूनतम योग्यता और जॉब आवश्यकता को पूरा करने से उम्मीदवारों को सीबीटी/ऑनलाइन परीक्षा के लिए बुलाए जाने का कोई अधिकार नहीं मिल जाता। किसी भी अंतरिम पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।
21. सीबीटी में उम्मीदवार द्वारा समान अंक प्राप्त करने की स्थिति में, आयु में वरिष्ठ उम्मीदवारों को उच्च रैंक दी जाएगी। यदि जन्मतिथि भी समान है तो भाग ए (विषय संबंधी प्रश्न) में उच्च अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवार को उच्च रैंक दी जाएगी।
22. यदि उम्मीदवार द्वारा प्रदान की गई कोई भी जानकारी गलत पाई जाती है या विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंडों के अनुरूप नहीं पाई जाती है तो पंजीकृत उम्मीदवारों की उम्मीदवारी भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में या भर्ती अथवा नियुक्ति के बाद भी निरस्त कर दी जाएगी।
23. उम्मीदवार की पात्रता, जिन चरणों में पात्रता की जांच की जानी है, प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज और भर्ती से संबंधित किसी भी अन्य मामले से संबंधित सभी मामलों में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।
24. भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के पास कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा और अन्य चयन प्रक्रिया के लिए उम्मीदवारों की संख्या की स्क्रीनिंग और बुलाने के लिए मानक और विनिर्देश तय करने का अधिकार सुरक्षित है।
25. भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण बाद की तिथि में तय किए गए किसी अन्य मानदंड के आधार पर परीक्षा केंद्र को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
26. ऑनलाइन टेस्ट के लिए उम्मीदवारों को जारी किए जाने वाले प्रवेश पत्र और कॉल लेटर पूरी तरह से अनंतिम हैं। हालाँकि, यदि किसी अयोग्य उम्मीदवार को प्रवेश पत्र जारी किया गया है और वह ऑन–लाइन परीक्षा/टेस्ट आदि में उपस्थित हुआ है या भा.वि.प्रा. में शामिल होने की अनुमति दी गई है तो उसकी अपात्रता के आधार पर भा.वि.प्रा. में उसकी उम्मीदवारी भर्ती/सेवा के किसी भी चरण में स्वचालित रूप से रद्द मानी जाएगी।

शेष भाग अगले पृष्ठ पर

Size: 25x38 cms

27. भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण भविष्य की आवश्यकताओं के आधार पर रिक्तियों को बढ़ाने या घटाने का अधिकार सुरक्षित रखता है। भा.वि.प्रा. के पास जरूरत पड़ने पर बिना कोई सूचना जारी किए या कोई कारण बताए बिना भर्ती प्रक्रिया को संशोधित/परिवर्तित/प्रतिबंधित/विस्तारित/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है। भा.वि.प्रा. प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा और इस संबंध में किसी भी अपील पर विचार नहीं किया जाएगा।

28. चयनित उम्मीदवारों को भारत में कहीं भी नियुक्त किया जा सकता है।

29. किसी भी तरीके से सिफारिश करने और बाहरी दवाब दिलाने पर उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी।

30. चयन समिति का निर्णय चुनौती के लिए उत्तरदायी नहीं है और यह प्रत्येक उम्मीदवार के लिए अंतिम और बाध्यकारी होगा।

31. भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के पास न्यूनतम योग्यता अंक और अन्य पात्रता मानदंड तय करने का पूर्ण विवेक होगा।

32. दस्तावेज़ सत्यापन के दौरान उम्मीदवार को पहचान प्रमाण के साथ मूल प्रमाणपत्र और सभी प्रमाणपत्रों की स्व–सत्यापित फोटोकॉपी का एक सेट प्रस्तुत करना होगा। यदि उम्मीदवार की पहचान संदेह में है या वह आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं है या दस्तावेजों में जानकारी का मिलान नहीं है तो उसकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी। मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा।

33. कृपया किसी भी नवीनतम जानकारी के लिए नियमित रूप से अपने ईमेल आईडी और भा.वि.प्रा. वेबसाइट को देखें।

34. इस संबंध में आगे की अधिसूचना/शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाइट **www.aai.aero** पर अधिसूचित किया जाएगा।

35. इस विज्ञापन और/या उसके जवाब में किसी आवेदन से उत्पन्न दावे या विवाद के किसी भी मामले में कोई भी कानूनी कार्यवाही केवल कोलकाता में शुरू की जा सकती है और कोई भी कारण/विवाद के संबंध में केवल कोलकाता के न्यायालयों/अधिकरणों/फोरमों के पास ही मुकदमा चलाने का एकमात्र और विशेष क्षेत्राधिकार होगा। किसी भी विवाद का न्यायक्षेत्र कोलकाता होगा।

36. किसी भी विवाद की स्थिति में, भा.वि.प्रा. वेबसाइट पर प्रकाशित विज्ञापन का अंग्रेजी संस्करण वैध माना जाएगा।

37. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी समाचारपत्र/वेबसाइट/मोबाइल ऐप आदि में आने वाले मनगढ़त विज्ञापनों पर ध्यान न दें। किसी भी जानकारी की प्रामाणिकता के लिए उम्मीदवार केवल भा.वि.प्रा की वेबसाइट **www.aai.aero** पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन को देख सकते हैं।

38. अपूर्ण आवेदन सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जाएगा।

39. उम्मीदवारों का चयन अनंतिम होगा जो उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत किए गए पात्रता मानदंड, योग्यता, चरित्र और पूर्ववृत्त/पृष्ठभूमि की जांच, कम्यूनिटी प्रमाणपत्र/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन–क्रीमी लेयर) प्रमाणपत्र/ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र/अनुभव प्रमाणपत्र और अन्य दस्तावेजों से संबंधित दस्तावेजों के सत्यापन के अधीन होगा। यह पद के लिए अपेक्षित चिकित्सा मानकों और भा.वि.प्रा के नियमों के तहत नियुक्तियों के लिए लागू अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने के अधीन होगा।

40. अंशकालिक/पत्राचार/दूरस्थ शिक्षा पद्धति के माध्यम से प्राप्त आवश्यक न्यूनतम योग्यता के अनुसार मान्यता प्राप्त डिग्री/प्रमाणपत्र रखने वाले भा.वि.प्रा. विभागीय उम्मीदवार आवेदन करने के लिए पात्र होंगे।

41. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे इस विज्ञापन में उल्लिखित आवेदन की अंतिम तिथि से पहले ऑनलाइन आवेदन करें और इंटरनेट पर भारी लोड/वेबसाइट जाम/डिसकनेक्शन के कारण भा.वि.प्रा. की वेबसाइट पर लॉग इन करने में असमर्थता/विफलता की संभावना से बचने के लिए अंतिम तिथि का इंतजार न करें।

42. उपरोक्त कारणों से या भा.वि.प्रा. के नियंत्रण से परे किसी अन्य कारण से अंतिम तिथि के भीतर अपने आवेदन जमा करने में सक्षम नहीं होने वाले उम्मीदवारों के लिए भा.वि.प्रा. कोई जिम्मेदारी नहीं लेगा।

**9. कंप्यूटर आधारित परीक्षा के लिए केन्द्र:**

कंप्यूटर आधारित (ऑनलाइन) परीक्षा पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा, छत्तीसगढ़, झारखंड, सिक्किम और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी।

i) ऑनलाइन परीक्षा और अन्य परीक्षा के लिए तिथि, समय और स्थान में बदलाव के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। परीक्षा केंद्र बदलने के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

ii) भा.वि.प्रा.–ईआर/टेस्ट प्रशासक, हालांकि, प्रतिउत्तर, प्रशासनिक व्यवहार्यता आदि के आधार पर अपने विवेक पर किसी भी परीक्षा केंद्र को रद्द करने और/या कुछ अन्य केंद्र जोड़ने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

iii) भा.वि.प्रा.–ईआर/टेस्ट प्रशासक उम्मीदवार को उसके द्वारा चुने गए केंद्र के अलावा किसी अन्य केंद्र को आवंटित करने का अधिकार भी सुरक्षित रखते हैं।

iv) उम्मीदवार अपने जोखिम और खर्च पर परीक्षा केंद्र पर परीक्षा के लिए उपस्थित होंगे और भा.वि.प्रा.–ईआर किसी भी प्रकृति की चोट या हानि आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

v) पद के लिए वस्तुनिष्ठ प्रकार की ऑनलाइन परीक्षा (कंप्यूटर आधारित टेस्ट) आयोजित किया जाएगा। उम्मीदवारों द्वारा दिए गए गलत उत्तर के लिए कोई निगेटिव मार्किंग नहीं होगी।

vi) परीक्षा हॉल में किसी भी अनियंत्रित व्यवहार/दुर्व्यवहार के परिणामस्वरूप इस परीक्षा और भा.वि.प्रा. द्वारा आयोजित भविष्य की परीक्षाओं से उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द/अयोग्य हो सकती है।

**10. कदाचार के खिलाफ कार्रवाई**

I) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे सही जानकारी प्रस्तुत करें और "ऑन–लाइन" आवेदन भरते समय कोई भी दस्तावेज/जानकारी गलत, छेड़छाड़, मनगढ़ंत न दें या किसी भी महत्वपूर्ण जानकारी को न छिपाएं।

ii) भर्ती के किसी भी चरण में या बाद में यदि कोई उम्मीदवार किसी भी प्रकार का कदाचार जैसे

क) किसी व्यक्ति द्वारा प्रतिरूपण करना या प्रतिरूपण प्राप्त करना; या

ख) चयन प्रक्रिया के दौरान उसकी उम्मीदवारी के संबंध में किसी भी अनियमित साधन का सहारा लेना; या

ग) किसी भी रूप में प्रचार करना/किसी भी माध्यम से अपनी उम्मीदवारी के लिए अनुचित प्रभाव का उपयोग करना; या

घ) गलत प्रमाण पत्र/दस्तावेज/जानकारी जमा करना या किसी भी स्तर पर किसी भी जानकारी को छिपाना; या

ङ) परीक्षा में उपस्थित होते समय या उसके बाद अपनी श्रेणी (एससी/एसटी/ओबीसी (एनसीएल)/ईडब्ल्यूएस/भूतपूर्व सैनिक/एएआई अपरेंटिस) के बारे में गलत जानकारी देना; का दोषी पाया जाता है तो उसकी उम्मीदवारी को तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा और कोई अन्य कार्रवाई शुरू करने या उचित समझे जाने पर कानूनी सहारा लेने के अलावा उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया जाएगा।

**11. ई–प्रवेश पत्र/कॉल लेटर**

ई–प्रवेश पत्र/कॉल लेटर में उम्मीदवार के विवरण जैसे नाम, जन्मतिथि, श्रेणी/समुदाय, उप–श्रेणी, अपलोड किए गए हस्ताक्षर, फोटोग्राफ, परीक्षा का स्थान और पता, परीक्षा की तिथि और समय, अवधि, योजना, निर्देश आदि शामिल होंगे जिसे उम्मीदवार द्वारा डाउनलोड करने के बारे में जानकारी देने के लिए उम्मीदवार की पंजीकृत ई–मेल आईडी और मोबाइल नंबर पर सूचित किया जाएगा।

योग्य उम्मीदवार को अपना विवरण अर्थात् लॉगिन आईडी (आवेदन अनुक्रम संख्या) और पासवर्ड दर्ज करके भा.वि.प्रा. वेबसाइट से अपना ई–प्रवेश पत्र/कॉल लेटर डाउनलोड करना चाहिए। ई–प्रवेश पत्र/कॉल लेटर की कोई मुद्रित प्रति डाक/कूरियर द्वारा नहीं भेजी जाएगी। सभी सामान्य जानकारी भा.वि.प्रा. वेबसाइट के माध्यम से प्रदान की जाएगी।

**12. उदघोषणाएं**

भर्ती प्रक्रिया से संबंधित सभी आगे की घोषणाएं समय–समय पर केवल भा.वि.प्रा. वेबसाइट **www.aai.aero** पर "करियर" शीर्षक के अंतर्गत प्रकाशित/प्रदान की जाएंगी।

**13. सीधी भर्ती के माध्यम से भा.वि.प्रा. में समावेशित कर्मचारियों को वेतन सुरक्षा:**

भा.वि.प्रा. में समावेशित होने से तुरंत पहले अन्य सीपीएसई/राज्य पीएसयू/सरकारी विभाग से उचित माध्यम से आने वाले पात्र उम्मीदवारों को वेतन सुरक्षा प्रदान की जाएगी। ऐसी वेतन सुरक्षा डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार प्रदान की जाएगी।

**14. अस्वीकरण:**

ऑन–लाइन आवेदन सत्यापन नियम और डिज़ाइन भा.वि.प्रा. वेबसाइट **www.aai.aero** पर "करियर" शीर्षक के तहत प्रकाशित भर्ती विज्ञापन (विज्ञापन संख्या ईआर/01/2024) पर आधारित हैं। हालाँकि, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे भर्ती विज्ञापन/अधिसूचना को ध्यान से पढ़ें और सुनिश्चित करें कि वे ऑनलाइन आवेदन करने से पहले विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं। ऑनलाइन पद्धति के माध्यम से प्रस्तुत आवेदन का अर्थ यह नहीं है कि उम्मीदवार ने विज्ञापन में दिए गए सभी मानदंडों को पूरा किया है। भर्ती/चयन प्रक्रिया के बाद के चरणों में आवेदित पद के लिए विज्ञापन (विज्ञापन संख्या ईआर/01/2024) में उल्लिखित उम्मीदवारों की पात्रता की जांच लंबित होने तक पूरी भर्ती/चयन प्रक्रिया में उम्मीदवारी "पूरी तरह से अनंतिम" है। यदि यह पाया जाता है कि उम्मीदवार विज्ञापन के अनुसार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है और उम्मीदवार द्वारा प्रदान की गई कोई भी जानकारी गलत पाई जाती है या पद के लिए निर्धारत आयु, समुदाय, श्रेणी, उप–श्रेणी, आवेदन शुल्क, अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव आदि सहित विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंडों के अनुरूप नहीं है तो उसकी उम्मीदवारी चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में और यहां तक कि नियुक्ति के बाद भी निरस्त कर दी जाएगी।

**क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक**
**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, पूर्वी क्षेत्र**

**"भा.वि.प्रा. एक ऐसा कार्यबल बनाने का प्रयास करता है जो लिंग समानता को प्रतिबिंबित करता हो और महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है"**

Size: 25x38 cms